भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः 5046
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 23 मार्च, 2026
02 चैत्र,1948 (शक)

सांस्कृतिक विरासत का संवर्धन और संरक्षण

5046. **श्रीमती मालविका देवी:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) भारत, विशेषकर ओडिशा के कलाहांडी और नुआपाड़ा जैसे आकांक्षी और पिछड़े जिलों की मूर्त एवं अमूर्त सांस्कृतिक विरासतों के संरक्षण और संवर्धन के लिए वर्तमान में सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का ब्यौरा क्या है;
(ख) पिछले तीन वित्तीय वर्षों के दौरान इन योजनाओं के अंतर्गत आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि का राज्य/केंद्र-शासित प्रदेश-वार, विशेष रूप से ओडिशा में वर्ष-बार ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या सरकार का ओडिशा, विशेषकर उक्त जिलों में कोई सांस्कृतिक संसाधन केंद्र या संग्रहालय स्थापित करने का विचार है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन मंत्री
(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) और (ख): ओडिशा राज्य में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत केंद्रीय संरक्षित स्मारकों की संख्या 82 हैं, जिनमें कालाहांडी जिले में असुरगढ़ किला नामक 01 स्मारक भी शामिल है। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, इन स्मारकों/स्थलों के संरक्षण और परिरक्षण का कार्य राष्ट्रीय संरक्षण नीति के अधीन, संरक्षण की आवश्यकता और संसाधनों की उपलब्धता के अनुसार करता है, जो कि एक सतत् प्रक्रिया है। चालू वर्ष सहित विगत तीन वर्षों के दौरान, असुरगढ़ किले के संरक्षण और अनुरक्षण पर किए गए व्यय का ब्यौरा निम्नानुसार है।

(राशि रुपये में)

वर्ष के दौरान किया गया व्यय			
2022-23	**2023-24**	**2024-25**	**2025-26**
शून्य	शून्य	6360/-	195344/-

विगत तीन वर्षों के दौरान, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा ओडिशा राज्य सहित राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों को संरक्षण और अनुरक्षण के लिए वर्ष-वार आवंटित और उपयोग की गई कुल धनराशि का ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

भारत सरकार ने ओडिशा राज्य सहित अपने सदस्य राज्यों की लोक कला के विभिन्न रूपों को बढ़ावा देने के लिए कोलकाता में पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र (ईजेडसीसी) की स्थापना की है। पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र अपने सदस्य राज्यों में विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन करता है जिसके लिए उन्हें वार्षिक सहायता अनुदान भी प्रदान की जाती है। विगत तीन वर्षों के दौरान, पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र, कोलकाता को जारी सहायता अनुदान निम्नानुसार हैः

वर्ष	**जारी की गई राशि (लाख में)**
2022-23	755.81
2023-24	897.14
2024-25	1145.48

पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र ओडिशा में लोक मेला, राष्ट्रीय जनजातीय/लोक नृत्य और संगीत महोत्सव, चिलिका शेल्डक लोक मेला, अखिल भारतीय बहुभाषी नाटक और नृत्य महोत्सव आदि जैसे कई कार्यक्रमों का आयोजन करता है। लुप्तप्राय लोक कला रूपों को बढ़ावा देने के लिए पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र द्वारा फिलिग्री, पटचित्र, मयूरभंज छऊ और सौर चित्रकारी जैसी कार्यशालाएँ भी आयोजित की जाती हैं।

(ग) वर्तमान में, ऐसा कोई प्रस्ताव विचाराधीन नहीं है।

अनुबंध-I

लोकसभा में दिनांक 23.03.2026 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 5046 के भाग (ख) के उत्तर में संदर्भित विवरण

विगत तीन वर्षों के दौरान ओडिशा राज्य सहित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा किए गए कुल आवंटन और उपयोग की गई राशि का ब्यौरा

(करोड़ में)

क्र. सं.	**राज्य/केंद्र शासित प्रदेश का नाम**	**मंडल**	**2022-23**		**2023-24**		**2024-25**	
			आवंटन	**व्यय**	**आवंटन**	**व्यय**	**आवंटन**	**व्यय**
1.	उत्तर प्रदेश	आगरा	21.27	21.15	23.52	23.52	15.90	15.90
		झांसी	7.00	7.00	5.82	5.82	6.10	6.10
		लखनऊ	19.03	19.03	16.93	16.93	8.91	8.91
		सारनाथ	10.15	10.15	11.32	11.32	7.62	7.62
		मेरठ	6.20	6.20	7.95	7.95	6.70	6.64
2.	महाराष्ट्र	औरंगाबाद	18.70	18.70	26.80	26.80	8.60	8.60
		मुंबई	15.35	15.35	15.56	15.56	18.19	18.19
		नागपुर	5.00	4.99	10.18	10.18	10.60	10.60
3.	कर्नाटक	बैंगलोर	19.85	19.85	17.34	17.34	8.55	8.55
		हम्पी	10.00	10.00	12.25	12.25	6.52	6.52
		धारवाड़	10.08	10.08	9.57	9.57	7.46	7.46
4.	मध्य प्रदेश	भोपाल	14.90	14.90	17.22	17.22	12.30	12.30
		जबलपुर	8.00	8.00	9.27	9.27	7.00	6.99

5.	**ओडिशा**	**भुवनेश्वर/ पुरी**	**13.18**	**13.17**	**12.29**	**12.29**	**11.50**	**11.37**
6.	पश्चिम बंगाल,	कोलकाता (86)	10.16	10.16	9.10	9.10	6.01	6.01
7.	पश्चिम बंगाल, सिक्किम	रायगंज	7.00	7.00	8.00	8.00	6.10	6.10
8.	तमिलनाडु, पुदुचेरी	चेन्नई	11.45	11.45	12.95	12.95	13.15	13.14
		त्रिची	8.50	8.50	9.55	9.55	5.80	5.80
9.	पंजाब	चंडीगढ़	6.53	6.53	11.00	11.00	8.40	8.40
	हरियाणा							
10	हिमाचल प्रदेश	शिमला	8.90	8.90	5.00	5.00	2.80	2.79
11.	दिल्ली (रा.रा.क्षेत्र)	दिल्ली	30.50	30.35	36.14	36.14	24.95	24.94
12.	गोवा	गोवा	10.45	10.45	9.90	9.90	9.00	9.00
13.	असम	गुवाहाटी	7.44	7.44	8.78	8.78	5.72	5.71
	मेघालय							
	नागालैंड							
	अरूणाचल प्रदेश							
14.	मणिपुर	आइजोल	2.00	2.00	1.29	1.29	1.26	1.25
	मिजोरम							
	त्रिपुरा							
15.	राजस्थान	जयपुर	10.28	10.28	12.75	12.75	10.91	10.91
		जोधपुर	7.65	7.65	10.65	10.65	9.25	9.24
16.	तेलंगाना	हैदराबाद	15.50	15.50	14.38	14.38	6.80	6.77
17.	आंध्र प्रदेश	अमरावती	11.60	11.60	14.70	14.70	12.90	12.90
18.	बिहार	पटना	9.00	9.00	16.00	16.00	8.73	8.73
19.	जम्मू और कश्मीर	श्रीनगर	6.11	6.03	7.17	7.17	4.90	4.89

20.	लद्दाख (केंद्र शासित प्रदेश)	लघु मंडल, लेह	1.92	1.92	3.50	3.50	2.20	2.20
21.	केरल	त्रिशूर	7.50	7.50	7.09	7.09	6.30	6.30
22.	गुजरात दमन और दीव (संघ राज्य क्षेत्र)	वडोदरा	11.00	11.00	12.00	12.00	7.70	7.69
	गुजरात	राजकोट	3.09	3.09	2.50	2.50	3.00	3.00
23.	उत्तराखंड	देहरादून	4.85	4.85	5.42	5.42	5.10	5.10
24.	छत्तीसगढ	रायपुर	7.50	7.50	5.94	5.94	8.19	8.19
25.	झारखंड	रांची	2.00	2.00	2.15	2.15	2.25	2.25

******